SJU Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरूवार 24 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-116

## अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकियों ने विस्फोटकों से लदी कार में किया ब्लास्ट

# 126 जवानों की मौत

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान में काबुल के सैन्य अड्डे पर तालिबानी आतंकवादियों के हमले में 126 सुरक्षा कर्मियों की मौत हो गयी है और 70 अन्य घायल हो गए है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय परिषद के सदस्य नफीसा सेलाई वारडक ने कहा कि सोमवार सुबह वारडक प्रांत के राजधानी मैदान शहर में विस्फोटकों से लदी कार में विस्फोट और हमलों में कम से कम 126



सुरक्षाकर्मी मारे गये हैं। हमले में घायलों को प्रांतीय अस्पताल में भर्ती किया गया है जबकि गंभीर रूप से घायलों को उपचार के लिए काबुल भेजा गया है।

इस सैन्य अड्डे पर राष्ट्रीय खुफिया सेवा के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। गृह मंत्रालय के उप प्रवक्ता नसरत रहीमी के अनुसार तालिबान ने समन्वित हमले की जिम्मेदारी ली है। मैदानी शहर में सैन्य अड्डे के मुख्य द्वार पर विस्फोटकों से लदी कार में विस्फोट हुआ था। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। विस्फोट के बाद चारों तरफ लाशें ही लाशें बिखरी हुई थीं और घायल खून से लथपथ थे।

## प्रियंका बनी कांग्रेस की महासचिव

### मिली पूर्वांचल की कमान

नई दिल्ली (आरएनएस)। आगामी 2019 आम चुनाव से पहले कांग्रेस राष्ट्रीय



अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपनी बड़ी बहन प्रियंका गांधी को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी की बेटी और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की बहन प्रियंका को कांग्रेस पार्टी का महासचिव नियुक्त किया गया है। बुधवार दोपहर को राहुल ने प्रियंका की नियुक्ति की घोषणा की। पार्टी ने प्रियंका पर पूर्व उत्तर प्रदेश के प्रभार का भी दायित्व सौंपा है।

## राहुल नांदेड़ से भी लड़ेंगे लोकसभा का चुनाव ?

मुंबई (आरएनएस)। इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बीच सियासी गलियारों में ऐसी चर्चा है कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अमेठी के अलावा कहीं और भी चुनाव लड़ सकते हैं। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के गृह कस्बे नांदेड़ या मध्य प्रदेश में किसी सुरक्षित सीट से उनके चुनाव लड़ने की चर्चा है।

राहुल के नांदेड़ से चुनाव लड़ने की अटकलों को अशोक चव्हाण के बयान से बल मिला है। चव्हाण ने कहा, राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष हैं। वह किसी भी लोकसभा सीट



से सफलतापूर्वक लड़ सकते हैं। अगर वह नांदेड़ से चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं तो उनका बहुत स्वागत है।

2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान चव्हाण नांदेड़ सीट से निर्वाचित हुए थे। एक महीने पहले जब चव्हाण ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी तो उनसे कार्यकर्ताओं ने राज्य में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनावों पर फोकस करने की अपील की थी, जिससे कि वह मुख्यमंत्री पद की रेस में प्रमुख दावेदार हों।

### तीन बार से अमेठी से सांसद हैं राहुल

राहुल गांधी ने मार्च 2004 में राजनीति में एंट्री का ऐलान किया था। वह लगातार तीन बार से उत्तर प्रदेश के अमेठी लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। वह पहली बार इस सीट से मई 2004 में निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 2009 का चुनाव भी उन्होंने अमेठी से ही जीता था। 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के दौरान बीजेपी ने अमेठी से स्मृति इरानी को उतारकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चीन ने थल सैनिकों की संख्या अभूतपूर्व तरीके से 50 प्रतिशत घटाई

पेइचिंग (आरएनएस)। अपनी सेना के दम पर कभी सीमा से लगे देशों तो कभी पश्चिमी देशों को आंखें दिखाने वाले चीन ने अपने थल सैनिकों की संख्या करीब 50 प्रतिशत कम कर दी है। आखिर ऐसी क्या वजह है कि चीन ने आर्मी के आकार को छोटा कर दिया है। ऐसा बताया जा रहा है कि आर्मी में कटौती कर वह नेवी और एयर फोर्स को मजबूती देने के लिए काम कर रहा है। बताया जा रहा है कि यह सबकुछ पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) को आधुनिक फोर्स में तब्दील करने की अभूतपूर्व रणनीति के तहत किया जा रहा है।

### फर्जी मुठभेड़ मामले में पंजाब के आतंकवाद निरोधक विभाग के प्रमुख बर्खास्त

लाहौर (आरएनएस)। पाकिस्तानी प्रशासन ने गोलीबारी के एक मामले की जांच में यह पता चलने के बाद पंजाब के आंतकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रमुख को मंगलवार को बर्खास्त कर दिया कि एक राजमार्ग पर फर्जी मुठभेड़ में एक परिवार के तीन सदस्य मारे गए। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान मौजूद सीटीडी के पांच अधिकारियों के खिलाफ आतंकवाद और हत्या के आरोप भी दर्ज किये गए हैं।

### मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बलों ने हेफ इलाके में घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अधिकारी ने बताया कि सात घंटे तक चले मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए।

### पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, भारी मात्रा में सामाग्री बरामद

राजनांदगांव (आरएनएस)। राजनांदगांव जिले से एक बड़ी खबर आ रही है. बताया जा रहा है कि सुरक्षा बल के जवान और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही है. मानपुर इलाके में ये मुठभेड़ हो रही है. दोनों से रुक-रुक कर फायरिंग भी हो रही है. फिलहाल जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है. सुरक्षा के मद्देनजर इलाके को घेर लिया गया है. एसपी कमलोचन कश्यप ने मुठभेड़ की पुष्टि की है. मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह जिला पुलिस बल, आईटीबीपी और डीआरजी के जवान मानपुर इलाके में सर्चिंग के लिए निकले थे. बुकमरका इलाके में जवानों का सामना नक्सलियों से हुआ. जवानों को देख नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी.

### मध्य प्रदेश में एक और BJP कार्यकर्ता की हत्या

भोपाल। मध्य प्रदेश में मंदसौर और बड़वानी में बीजेनी नेताओं की हत्या के बाद रतलाम के बिलपांक थानाक्षेत्र में भी बीजेपी के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई, जिसका भाई आरएसएस का जिला पदाधिकारी है.

### पटना: विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

आरा. वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को सिंडिकेट का चुनाव होना था, लेकिन छात्र संगठनों के विरोध प्रदर्शन के चलते मतदान नहीं हुआ। छात्रों ने चुनाव का जबरदस्त विरोध किया। बड़ी संख्या में छात्र विश्वविद्यालय पहुंचे और तोड़फोड़ की। मौके पर तौनात पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज से कई छात्र घायल हुए हैं। पुलिस ने छात्रों को चुनाव स्थल से खदेड़ दिया। इसके बाद छात्र विश्वविद्यालय के गेट के पास जुट गए। विरोध कर रहे छात्र अन्य छात्रों को मतदान करने से रोक रहे हैं।

## आतंकियों के लिए कहर बरपायेंगी बुलेटप्रूफ गाड़ियां

नई दिल्ली (आरएनएस)। आईजीआई एयरपोर्ट पर कई खूबियों से लैस क्यूआरटी तैनात की जा रही हैं। यह पूरी तरह से बुलेट प्रूफ होंगी। दावा है कि देश के एयरपोर्ट सेक्टर में पहली बार इनकी तैनाती की जा रही है। सीआईएसएफ ने इसे खासतौर से यहां के तमाम खतरों को भांपते हुए डिजाइन किया है। इस गाड़ी से किसी भी तरह के आतंकवादी हमले का जवाब दिया जा सकेगा। इसकी छत में हवाई हमले का जवाब देने के लिए एलएमजी को भी लगा या जा सकेगा। जबकि जमीनी हमले में अगर कोई आतंकवादी किसी तेज वीकल से यहां फायरिंग करते हुए भागते हैं तो भी यह गाड़ी उनका बाज की तरह पीछा करके उन्हें मार गिराने में मदद करेगी।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार असल में देश में सबसे अधिक आतंकवादियों के निशाने पर आईजीआई एयरपोर्ट ही रहता है क्योंकि इस एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री समेत अन्य तमाम वीआईपी का मूवमेंट भी अधिक होता है। ऐसे में हमें यहां इस तरह की गाड़ी चाहिए थी, जिससे हम इमरजेंसी में आतंकवादी हमला होने पर इसका मुंहतोड़ जवाब दे सकें।

## केंद्र के शैक्षिक संस्थानों में बढ़ाई जाएंगी 3 लाख सीटें

नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा के केंद्र सरकार द्वारा सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था करने के बाद अब इस दिशा में एक और बड़ा निर्णय लिया गया है। सरकार ने 10 फीसदी आरक्षण की इस व्यवस्था को लागू करने के साथ ही केंद्र द्वारा चलाए जा रहे सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में सीटों के इजाफे का फैसला किया है। इस निर्णय के तहत आगामी वक्त में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) समेत अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों और संस्थानों में करीब 3 लाख



सीटों के इजाफे की बात कही जा रही है। नए फैसले के तहत सरकार ने शैक्षिक सत्र 2019-20 में सीटों के इजाफे की प्रक्रिया को पूरा करने का फैसला किया है। इसके तहत हर केंद्रीय शैक्षिक संस्थान में करीब 25 फीसदी सीटों के इजाफे का अनुमान लगाया गया है। सरकार के इस निर्णय के मुताबिक, साल 2021 तक आईआईटी में करीब 5100 नई सीटों के सृजन की बात कही जा रही है। वहीं, आईआईएम में भी करीब 800 सीटों का इजाफा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। केंद्रीय संस्थाओं के साथ-साथ सरकार ने राज्यों को भी अपने शैक्षिक संस्थानों में ऐसी व्यवस्था को लागू करने के लिए पत्र लिखा है।

### केंद्रीय विश्वविद्यालयों में बढ़ेंगी 16 हजार सीटें

सरकार के नए फैसले के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय जैसी सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अब करीब 16 हजार स्टूडेंट्स की सीटें बढ़ जाएंगी, जिससे कि बड़ी संख्या में छात्रों को इसका लाभ मिल सकेगा। वहीं, विश्व भारती विश्वविद्यालय में 822 और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में भी 346 अतिरिक्त सीटों पर ऐडमिशन लिए जाएंगे।

## आईएस में शामिल हो रहे 9 संदिग्धों को एटीएस ने किया गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र एटीएस ने आईएसआईएस कनेक्शन के सिलसिले में सोमवार को राज्य में कई जगह छापेमारी की। इस दौरान एटीएस ने 9 संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया है। उसके पास से कई मोबाइल समेत कुछ केमिकल भी बरामद हुए हैं। पकड़े गए संदिग्ध कथित तौर पर आतंकवादी संगठन आईएसआईएस में शामिल होने वाले थे। इस मामले में महाराष्ट्र के बाहर भी कुछ गिरफ्तारियां हो सकती हैं। एटीएस के मुताबिक मिले इनपुट के आधार पर प्रतिबंधित अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े एक समूह के लोगों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान ठाणे के मुंब्रा और औरंगाबाद जिले में पांच ठिकानों पर छापेमारी की गई। मंगलवार रात को संदिग्धों से पूछताछ की गई।




तलाशी अभियान के बाद 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छापे की कार्रवाई के दौरान कुछ केमिकल, पाउडर, मोबाइल फोन, हार्ड ड्राइव, सिमकार्ड, ऐसिड बोतल और धारदार चाकू बरामद किए गए हैं। यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून 1967) के तहत गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## दुर्गा पूजा का विसर्जन बंगाल में नहीं तो क्या पाकिस्तान जाकर करें : शाह

### बीजेपी अध्यक्ष का ममता पर बड़ा हमला

मालदा (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मालदा में बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने रैली करके ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर ताबड़तोड़ हमले किए। इस दौरान अमित शाह ने रथयात्रा से लेकर रोहिंग्याओं, नागरिकता संशोधन बिल, दुर्गा पूजा विसर्जन जैसे तमाम मुद्दों पर ममता की टीएमसी को घेरा। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा विसर्जन और सरस्वती पूजा की इजाजत बंगाल में नहीं मिल रही है तो क्या पाकिस्तान जाकर करेंगे।



अमित शाह ने ममता की विपक्षी रैली पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष का गठबंधन सेल्फी गठबंधन है। उन्होंने कहा, गठबंधन से जुड़े लोग सिर्फ मोदी को हटाना चाहते हैं। हम चाहते हैं गरीबी हटे, वो चाहते हैं मोदी हटे। हम चाहते हैं भ्रष्टाचार हटे वो चाहते हैं मोदी हटे। हम चाहते हैं देश से रोग और बीमारी हट जाएं वो चाहते हैं मोदी हट जाए। जिस गठबंधन की रैली में भारत माता की जय का जयकारा ना लगता हो, वन्दे मातरम के नारे नहीं लगते हो, वो देश का क्या भला करेंगे?

उन्होंने कहा, ममता दीदी ने यूपीए के लोगों को बड़े प्यार से बुलाया था। यूपीए ने अपने आखिरी साल में बंगाल को 5 साल में 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपये दिए जबकि नरेंद्र मोदी ने 3 लाख 95 हजार 406 करोड़ दिए। ढाई गुना पैसा ज्यादा हमने दिया है लेकिन ममता दीदी को पैसा कम पड़ जाता है। आधा आपके लोग खा जाते हैं, आधा घुसपैठिए जो घुसे हैं, वे खा जाते हैं। बंगाल की जनता को कुछ नहीं मिल पाता।

## ट्रांसजेंडर से किया रेप का प्रयास, विरोध करने पर मारी गोली

नई दिल्ली (आरएनएस)। रविवार की रात एक बजे पीसीआर पर सूचना मिली कि हजरत निजामुद्दीन इलाके में बारापुला फ्लाई ओवर पर एक महिला को गोली मार दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां न तो पीड़ित महिला मिली न ही सूचना देने वाला व्यक्ति। बाद में पुलिस को पता चला कि घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया था, जहां से उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक यहां पूछताछ में पता चला कि वह महिला नहीं, बल्कि

### लड़की समझकर कैब में बिठाया



ट्रांसजेंडर था। यहां डॉक्टरों ने कहा कि उसके पेट में गोली लगी है और उसकी हालत गंभीर है। वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस के लिए यह ब्लाइंड केस था।

### सीसीटीवी फुटेज से संदिग्धों की पहचान

**डीसीपी साउथ ईस्ट चिन्मॉय बिश्वाल ने बताया कि उन्होंने इस केस की सुलझाने के लिए एसएचओ सतेंद्र मोहन के अंडर एक स्पेशल टीम बनाई गई। पुलिस ने इस तरह की पिछली घटनाओं के आरोपियों की तलाश में छापेमारी की। सीसीटीवी फुटेज जांचे गए, जिसमें संदिग्धों की पहचान हुई।**

## हिंदू महिला की मुस्लिम पुरुष से शादी वैध नहीं पर संतान जायज है

### सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू महिला की मुस्लिम पुरुष से शादी और उसके बाद जन्मी संतान के अधिकार को लेकर महत्वपूर्ण फैसला दिया है। स्ट ने कहा है कि एक हिंदू महिला की मुस्लिम पुरुष से शादी 'नियमित या वैध' नहीं है लेकिन इस तरह के वैवाहिक संबंधों से जन्म लेने वाली संतान जायज है। मंगलवार को कोर्ट का कहना है कि ऐसी शादी से जन्मी संतान उसी तरह से जायज है जैसे वैध विवाह के मामले में होता है और वह (संतान) अपने पिता की संपत्ति में हकदार भी है।

इस तरह के अनियमित विवाह का कानूनी प्रभाव यह है कि पत्नी पति की संपत्ति पर अपना दावा नहीं ठोक सकती है। एक संपत्ति विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।

आपको बता दें कि जस्टिस एनवी रमण और जस्टिस एमएम शांतनगौदर की पीठ ने केरल हाई कोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसके तहत एचसी ने कहा था कि दंपती (मोहम्मद इलियास और वल्लीअम्मा) का बेटा जायज है तथा कानून के मुताबिक पिता की संपत्ति में हिस्सा पाने का हकदार है।

कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया।

## मॉरिशस पीएम ने हिन्दी को ग्लोबल लैंग्वेज बनाने वकालत की

### प्रवासी भारतीय दिवस

वाराणसी (आरएनएस)। पंद्रहवें प्रवासी भारतीय दिवस के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद्र जगन्नाथ ने अपने संबोधन की शुरुआत हिंदी भाषा में की।

इसके साथ ही उन्होंने मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भी जमकर बखान किया।

अपनी पत्नी के साथ प्रवासी दिवस समारोह में पहुंचे मॉरिशस पीएम प्रविंद्र जगन्नाथ ने भाषण की शुरुआत हिंदी में करते हुए सबसे पहले कहा, दुनिया के कोने-कोने से आए प्रवासी भारतीय व काशीवासियों को मेरा प्रणाम।

## सिम्स अग्निकांड : दूसरे दिन एक और नवजात शिशु की हुई मौत

### 9 बच्चों की हालत अभी भी नाजूक

बिलासपुर (आरएनएस)। सिम्स के पिडियाट्रिक आईसीयू (शिशु भवन) में मंगलवार को अचानक आग लग गई थी। इस घटना में मंगलवार को ही एक मासूम बच्चे की मौत हो गई तो वहीं 10 बच्चों को गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के दूसरे दिन आज एक और मासूम बच्ची की मौत की खबर प्रकाश में आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बच्ची बिलासपुर जिले के मस्तुरी के पचपेढ़ी निवासी हैं। उनकी मां का नाम शांति और पिता का नाम प्रकाश बताया जा रहा है।

## इजरायल के लड़ाकू विमानों ने हमास के शिविर पर किए हमले

तेल अवीव (आरएनएस)। इजरायल की रक्षा सेना (आईडीएफ) के मुताबिक उसके लड़ाकू विमानों ने मंगलवार को उत्तरी गाजा पट्टी में हमास के एक शिविर को निशाना बनाकर हमले किए। आईडीएफ ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह हमले इजरायल-गाजा सीमा पर परिस्थितियों के जवाब में किए गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली वायु सेना ने मंगलवार को सीमा पर तनाव के बाद उत्तरी गाजा पट्टी में हमास के एक शिविर को निशाना बनाकर हमले किए।

## गणतंत्र दिवस परेड में कम भागीदारी से खफा पैरामिलिट्री!

नई दिल्ली (आरएनएस)। गणतंत्र दिवस की परेड में सीमा को सुरक्षित रखने वाली पैरामिलिट्री की अधिकतर टुकड़ी अपना जौहर नहीं दिखा सकेगी। बीएसएफ के अलावा सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी के जवानों को भी इस बार परेड में जगह नहीं दी गयी है। सालों बाद गणतंत्र दिवस की परेड में पैरामिलिट्री की इतनी कम भागीदारी होगी।

इस बार केवल सीआरपीएफ को परेड में जगह दी गयी है। हालांकि इसके लिए सरकार रोटेशन सिस्टम और समय की कमी को जिम्मेदार बता रही है। ज्ञात हो कि पिछले साल बीएसएफ की सीमा भवानी के नेतृत्व वाली महिला बाइकर की टीम परेड का मुख्य आकर्षण रही थी और उन्हें अपने करतब के लिए खूब वाहवाही भी मिली थी।

सूत्रों के अनुसार इस बात को लेकर बीएसएफ के अंदर काफी निराशा है। बीएसएफ के अधिकारियों ने कहा कि सेना के बाद सबसे अधिक बीएसएफ के जवान ही शहीद हुए हैं और उनके 1800 से अधिक जवान देश की हिफाजत में शहीद हो चुके हैं। ऐसे में उनकी अपेक्षा थी कि इस मौके पर वे देश के सामने अपनी ताकत-क्षमता के बारे में बता सकेंगे।